शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो

# डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

13-14, झालाना डूँगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81
E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुडे
dr.amws
@DrAMWS2022
@bhimchannel22
डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

| जसवन्त सम्पतराम IPS (Retd.) | बनवारी लाल बैरवा | दयानन्द सक्करवाल | जी.एल. वर्मा |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | महासचिव |
| मो. 9414308305 | मो. 9001195384 | मो. 9634418411 | मो. 9829688869 |


क्रमांक: DrAMWS/2025/GS/1881 दिनांक : 16-05-2025

## कार्यालय आदेश

श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान जयपुर द्वारा पत्र क्रमांक. Dr.AMWS/10/2025 दिनांक 05.05.2025 द्वारा गलत सूचनाएं प्रदान की गई हैं, अतः सोसायटी हित में निम्नलिखित सही सूचनाएं प्रदान की जाती हैं :-

श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा जारी कुछ सूचनाएं पूर्व में भी जारी की गई थीं, उनका जवाब पूर्व में सार्वजनिक रूप से दिया जा चुका है।

श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने पूर्व में सूचना जारी की थी कि उनके द्वारा बुलाई गई असाधारण आमसभा दिनांक 30.06.2024 (जिसे पूर्व में ही अवैधानिक घोषित किया जाकर निरस्त किया जा चुका है) में श्री गणपत लाल वर्मा, महासचिव को महासचिव के पद से कार्यमुक्त किया गया है और श्री भंवर मेघवंशी को महासचिव का कार्यभार संभलाया गया है। फिर भी श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा श्री गणपत लाल वर्मा को महासचिव से संबोधित किया जाना हास्यास्पद है। सोसायटी विधान क्रमांक (17)(3)(3) अनुसार समस्त पत्र व्यवहार सोसाइटी के महासचिव द्वारा किया जाना है परंतु श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के द्वारा बार-बार पत्राचार किया जाना सोसायटी विधान के सर्वथा विरुद्ध है।

सोसायटी विधान अनुरूप दिनांक 14.04.2025 को आयोजित डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान (आगे से सोसायटी से संबोधन) की आमसभा में श्री जसवन्त सम्पतराम एवं डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा के अध्यक्ष के कार्यकाल में आयोजित की गई सभी केंद्रीय कार्यसमिति बैठकों में पारित प्रस्तावों का अनुमोदन किया जा चुका है। साथ ही श्री जसवन्त सम्पतराम एवं डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा द्वारा अध्यक्ष, डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान जयपुर के रूप में लिए गए सभी निर्णयों का आम सहमति से अनुमोदन भी कर दिया गया है।

Ghramp

जसवन्त सम्पतराम IPS (Retd.) अध्यक्ष मो. 9414308305
बनवारी लाल बैरवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. 9001195384
दयानन्द सक्करवाल कोषाध्यक्ष मो. 9634418411
जी.एल. वर्मा महासचिव मो. 9829688869

श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष का यह कथन कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष को सोसायटी परिसर में आने जाने पर रोक है, सरासर मिथ्या और झूठा है। श्री बनवारी लाल बैरवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष एवं अन्य व्यक्ति जिनके बारे में प्रचारित किया गया है कि उनके सोसायटी परिसर में आने जाने पर रोक है, ये व्यक्ति इस दौरान सोसायटी में आएं भी हैं और यहां तक कि अवैधानिक बैठकें भी की हैं, जिनकी सूचना अखबारों में भी छपी है।

श्री बनवारी लाल बैरवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अन्य द्वारा दिनांक 26.05.2024 को अवैधानिक बैठक आयोजित करने उपरांत हुई घटना एवं उसके उपरांत श्री बनवारी लाल बैरवा द्वारा फिर से अवैधानिक बैठकों को सोसायटी परिसर में आयोजित करने के आह्वान के कारण सोसायटी परिसर में पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुरोध किया गया था, जो कि महासचिव की महती जिम्मेदारी थी। सभी को पहले ही सूचित किया जा चुका है कि सोसायटी परिसर में माहौल खराब होने के कारण दिनांक 30.05.2024 की रात को सोसायटी परिसर में तोड़फोड़ हुई और कोषाध्यक्ष महोदय ने बिजली बिल भुगतान करने से भी मना कर दिया।

सोसायटी विधान अनुसार तीन महीने में एक बार केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक एवं 14 अप्रेल को आमसभा आयोजित किया जाना अनिवार्य है, अतः श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष को सोसायटी विधान अनुसार आयोजित बैठकों को रोकने का कोई अधिकार नहीं है। श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा स्वयं को सोसायटी विधान से बड़ा समझना समझ से परे है।

श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने माननीय न्यायालय से अनुरोध किया था कि **"श्री जसवन्त सम्पतराम की दिनांक 17.05.2024 को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति आदेश एवं दिनांक 19.05.2024 को केंद्रीय कार्यसमिति द्वारा श्री जसवन्त सम्पतराम को सहवरण प्रक्रिया से अध्यक्ष बनाया जाना विधि विरुद्ध है अतः माननीय न्यायालय श्री जसवन्त सम्पतराम को अध्यक्ष के रूप में कार्य करने से अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद करें।"**

GLVerma

शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो

# डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

13-14, झालाना डूँगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81
E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुड़े
dr.amws
@DrAMWS2022
@bhimchannel22
डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

| जसवन्त सम्पतराम IPS (Retd.) | बनवारी लाल बैरवा | दयानन्द सक्करवाल | जी.एल. वर्मा |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | महासचिव |
| मो. 9414308305 | मो. 9001195384 | मो. 9634418411 | मो. 9829688869 |

माननीय न्यायालय ने दिनांक 22.08.2024 को निम्न आदेश पारित किया था -

**"अतः प्रकरण के तथ्य एवं परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में प्रकरण में इस स्तर पर अंतरिम निषेधाज्ञा प्रदान किया जाना न्यायालय के विनम्र में न्यायसंगत नहीं है। अतः प्रार्थी (श्री बनवारी लाल बैरवा) की प्रार्थना बाबत अंतरिम निषेधाज्ञा अस्वीकार कर खारिज़ की जाती है।"**

श्री जसवन्त सम्पतराम, श्री गणपत लाल वर्मा एवं डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने न्यायालय में अपना जवाब समय सीमा में दाखिल कर दिया था परंतु श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष द्वारा न्यायालय में आज दिनाँक तक अपना जवाब दाख़िल नहीं करने के कारण अंतिम निर्णय न्यायालय में नहीं हो पा रहा है। श्री सक्करवाल द्वारा न्यायालय में अपना ज़वाब दाख़िल नहीं किया जाना आश्चर्यजनक है।

अतः श्री जसवन्त सम्पतराम को अध्यक्ष के रूप में कार्य करने में किसी प्रकार की वैधानिक बाधा नहीं है।

सूचना सोसायटी के सभी सदस्यों एवं अन्य हितधारकों हेतु सार्वजनिक हित में जारी की जा रही है।

(जी एल वर्मा)
महासचिव
9829688869

प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:

1. रजिस्ट्रार आफ सोसायटीज, राजस्थान सरकार, देवनगर, गोपालपुरा पुलिया के पास, टोंक रोड, जयपुर।
2. समस्त सदस्यगण, डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान (सोशल मीडिया, वेबसाइट, सूचना पट्ट के माध्यम से) ।

महासचिव